**Roll No.** | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admit Card)

*Signature of Invigilators*

1. ______________________
2. ______________________

**0418**

**Question Booklet Series** **Y**

**PAPER–II** **Question Booklet No.**

(Identical with OMR Answer Sheet Number)

**Subject Code : 04**

# HINDI

*Time :* 2 *Hours* *Maximum Marks:* 200

***Instructions for the Candidates***

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   (ii) Faulty booklet, if detected, should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) Verify whether the Question Booklet No. is identical with OMR Answer Sheet No.; if not, the full set is to be replaced.
   (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of One hundred (100) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.

   *Example:* (A) (B) ● (D), where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or mobile phone etc. is strictly prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**

**[ Please Turn Over ]**

# HINDI

## Paper II

**1.** रामविलास शर्मा की पुस्तकों का प्रकाशन वर्ष सुमेलित कीजिए :

| *सूची– I* | *सूची– II* |
|---|---|
| (a) प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ | (i) 1961 ई० |
| (b) भाषा और समाज | (ii) 1953 ई० |
| (c) नयी कविता और अस्तित्ववाद | (iii) 1955 ई० |
| (d) प्रगति और परम्परा | (iv) 1975 ई० |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**2.** 'नैसर्गिकी च प्रतिभा श्रुतं च बहुनिर्मलम्'– विषयक कथन है

(A) भामह का

(B) दण्डी का

(C) वामन का

(D) मम्मट का

**3.** जगदीश गुप्त ने 'नयी कविता' पत्रिका का संपादन कितने अंकों में किया?

(A) सात

(B) छह

(C) पाँच

(D) आठ

**4.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची– I* | *सूची– II* |
|---|---|
| (a) पंछी | (i) भगवतीचरण वर्मा |
| (b) कलापी | (ii) गोपाल सिंह नेपाली |
| (c) प्रेम संगीत | (iii) शंभुनाथ सिंह |
| (d) रूप-रश्मि | (iv) आरसी प्रसाद सिंह |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**5.** नामवर सिंह की आलोचनात्मक पुस्तकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है

(A) इतिहास और आलोचना, कहानी : नयी कहानी, कविता के नये प्रतिमान, दूसरी परम्परा की खोज

(B) इतिहास और आलोचना, कविता के नये प्रतिमान, कहानी : नयी कहानी, दूसरी परम्परा की खोज

(C) कहानी : नयी कहानी, इतिहास और आलोचना, कविता के नये प्रतिमान, दूसरी परम्परा की खोज

(D) कहानी : नयी कहानी, कविता के नये प्रतिमान, इतिहास और आलोचना, दूसरी परम्परा की खोज

**6.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची– I* | *सूची– II* |
|---|---|
| (a) नदी के द्वीप | (i) पारसनाथ |
| (b) त्यागपत्र | (ii) भुवन |
| (c) गोदान | (iii) मृणाल |
| (d) प्रेत और छाया | (iv) होरी |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**7.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची– I* | *सूची– II* |
|---|---|
| (a) पदमावत | (i) ईश्वरदास |
| (b) सत्यवती कथा | (ii) उस्मान |
| (c) चंद्रायन | (iii) जायसी |
| (d) चित्रावली | (iv) मुल्ला दाउद |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**8.** कविता में छंद मुक्ति की बात निराला ने किस काव्य संग्रह की भूमिका में कही हैं?

(A) अनामिका

(B) परिमल

(C) गीतिका

(D) सान्ध्यकाकली

**9.** इनमें से कौन लम्बी कविता नहीं है?

(A) राम की शक्ति पूजा

(B) अँधेरे में

(C) सिंदूर तिलकित भाल

(D) पटकथा

**10.** शुद्धाद्वैतवाद के प्रवर्त्तक कौन हैं?

(A) मध्वाचार्य

(B) निम्बार्काचार्य

(C) रामानुजाचार्य

(D) बल्लभाचार्य

**11.** नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब हुई?

(A) 1800 ई०

(B) 1893 ई०

(C) 1899 ई०

(D) 1910 ई०

**12.** 'कुवलयानंद' पुस्तक के रचयिता हैं

(A) विश्वनाथ

(B) अप्पय दीक्षित

(C) भानुदत्त

(D) पंडितराज जगन्नाथ

**13.** 1901 ई० में 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक थे

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) राधाकृष्ण दास

(C) जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी

(D) श्यामसुंदर दास

**14.** 'ललित विस्तर' में प्राचीन भारत की कितनी लिपियों के नाम हैं?

(A) 60

(B) 64

(C) 65

(D) 70

**15.** दूसरा सप्तक से किस काव्यांदोलन का संबंध रहा है?
(A) नयी कविता
(B) प्रयोगवाद
(C) प्रगतिवाद
(D) अकविता

**16.** ''परमारथी पुराननि लादे ज्यों बनजारे टाँड़े।''– किनके द्वारा रचित है?
(A) नंददास
(B) कृष्णदास
(C) परमानन्ददास
(D) सूरदास

**17.** रिचर्ड्स का संप्रेषण-सिद्धांत आधारित है
(A) मनोविज्ञान पर
(B) आचारशास्त्र पर
(C) भाषणकला पर
(D) व्युत्पत्तिविज्ञान पर

**18.** 'अनस्थिरता' शब्द को लेकर किन दोनों के बीच विवाद था?
(A) श्यामसुंदर दास और मुकुटधर पाण्डेय
(B) बालमुकुन्द गुप्त और महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) रामनरेश त्रिपाठी और बालमुकुन्द गुप्त
(D) मुकुटधर पाण्डेय और अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**19.** 'लोकधर्म' का प्रस्ताव है
(A) रामचंद्र शुक्ल का
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी का
(C) रामविलास शर्मा का
(D) नामवर सिंह का

**20.** अपनी किस पुस्तक में रिचर्ड्स ने काव्यभाषा में भावात्मकता के साथ विचारात्मकता की अनिवार्यता घोषित की?
(A) प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म
(B) दि फिलॉसफी ऑफ रेटॉरिक
(C) मीनिंग ऑफ मीनिंग
(D) प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म

**21.** 'अलंकार सर्वस्व' पुस्तक के रचयिता हैं
(A) उद्भट
(B) दण्डी
(C) रुद्रट
(D) रुय्यक

**22.** नंददास की 'रूपमंजरी' किस परम्परा की कृति है?
(A) प्रेमाख्यान
(B) कृष्णभक्ति
(C) रीति
(D) रामभक्ति

**23.** ''उनमें वह सहृदयता और भावुकता न थी, जो एक कवि में होनी चाहिए थी।''– यह कथन किस आलोचक का किस कवि के लिए है?

(A) नगेन्द्र का चिंतामणि त्रिपाठी के लिए

(B) रामचंद्र शुक्ल का केशवदास के लिए

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी का मतिराम के लिए

(D) रामचंद्र शुक्ल का चिंतामणि त्रिपाठी के लिए

**24.** 'मिस पद्मा' कहानी किसकी है?

(A) राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह

(B) राधाकृष्ण

(C) प्रेमचंद

(D) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'

**25.** दोहे की पंक्ति को पूरा कीजिए– ''पर द्रोही पर दार रत.....''

(A) देह धरे मनुजाद

(B) पर धन पर अपबाद

(C) मन परिपूरन काम

(D) पायउ काक शरीर

**26.** रामचंद्र शुक्ल ने बिहारीलाल की प्रशंसा का आधार बनाया

(A) शब्दचातुर्य को

(B) रस परिपाक को

(C) विभाव को

(D) अनुभाव को

**27.** भारतसंघ के राजकीय प्रयोजन के लिए प्रयोग होनेवाले अंकों का रूप होगा

(A) राष्ट्रीय

(B) अन्तर्राष्ट्रीय

(C) प्रादेशिक

(D) इनमें से कोई नहीं

**28.** निम्नलिखित बोलियों के साथ उनके क्षेत्रों को सुमेलित कीजिए :

| *सूची– I* | *सूची– II* |
|---|---|
| (a) मारवाड़ी | (i) कोटा |
| (b) जयपुरी | (ii) अलवर |
| (c) मालवी | (iii) जोधपुर |
| (d) मेवाती | (iv) इन्दौर |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**29.** ''कहाँ गया मूर्ख! जिसको अब भी परमेश्वर और राज राजेश्वरी का भरोसा है।'' 'भारत दुर्दशा' नाटक में इस पंक्ति का वक्ता कौन हैं?

(A) संपादक

(B) भारत दुर्दशा

(C) कवि

(D) अपव्यय

**30.** 'संघ की राजभाषा हिंदी और उसकी लिपि देवनागरी होगी'– भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में इसका उल्लेख है?

(A) 343

(B) 344

(C) 345

(D) 346

**31.** श्रावकाचार किसकी रचना है?

(A) मुनि जिनविजय

(B) शालिभद्र सूरि

(C) विजयसेन सूरि

(D) देवसेन

**32.** नेमिचन्द्र जैन के अनुसार 'अँधेरे में' कविता का अंतिम संशोधन कब हुआ था?

(A) 1962

(B) 1964

(C) 1961

(D) 1957

**33.** श्रीलाल शुक्ल को किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

(A) 2005

(B) 2013

(C) 2009

(D) 2008

**34.** 'छाया भारतीय दृष्टि से अनुभूति और अभिव्यक्ति की भंगिमा पर अधिक निर्भर करती है।' यह कथन है:

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(B) महादेवी वर्मा

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) जयशंकर प्रसाद

**35.** निम्नलिखित में से कौन पश्चिमी हिंदी की बोली नहीं है?

(A) कौरवी

(B) अवधी

(C) ब्रज

(D) हरियाणवी

**36.** 'राम की शक्ति पूजा' पर किनकी रामायण का अधिक प्रभाव है?

(A) वाल्मीकि

(B) कृत्तिवास

(C) तुलसीदास

(D) स्वयंभू

**37.** 'नयी समीक्षा' को चिह्नित कर सकते हैं

(A) 'दि सैक्रेड वुड' में

(B) 'प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म' में

(C) 'आर्स पोएतिका' में

(D) 'कल्चर एंड एनार्की' में

**38.** कलाओं का विधिवत् वर्गीकरण किसने किया?

(A) प्लेटो

(B) अरस्तू

(C) लोंजाइनस

(D) होरेस

**39.** अरस्तू के अनुसार त्रासदी में सर्वाधिक ध्यान देना चाहिए

(A) कथानक पर

(B) चरित्र पर

(C) विचार पर

(D) रंग–योजना पर

**40.** फ्रेंच विद्वान् कुपेरी ने ब्राह्मी लिपि की उत्पत्ति किस लिपि से मानी है?

(A) ग्रीक

(B) सामी

(C) शारदा

(D) चीनी

**41.** 'अवधी का विकास' ग्रंथ के लेखक हैं

(A) बाबूराम सक्सेना

(B) रामविलास शर्मा

(C) धीरेन्द्र वर्मा

(D) भोलानाथ तिवारी

**42.** 'जालियांवाला बाग में वसन्त' शीर्षक कविता है

(A) प्रकृतिपरक

(B) राष्ट्रीयतापरक

(C) प्रयोगवादी

(D) अस्तित्ववादी

**43.** रचनाकाल की दृष्टि से रचनाओं का सही अनुक्रम लिखिए:

(A) पल्लव, गुंजन, वीणा, ग्रंथि

(B) ग्रंथि, वीणा, पल्लव, गुंजन

(C) ग्रंथि, पल्लव, वीणा, गुंजन

(D) वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन

**44.** ''किसानों के बल पर और मजदूरों के बल पर यह पाप का धन पचे कैसे ! इसलिये दान–धर्म करना पड़ता है।''– यह कथन गोदान के किस पात्र का है?

(A) प्रोफेसर मेहता

(B) गोबर

(C) धनिया

(D) मालती

**45.** ''प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग अंग बास समानी।''– ये पंक्तियाँ किनकी है?

(A) तुलसीदास

(B) कबीर

(C) मलूकदास

(D) रैदास

**46.** 'साकेत' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1925 ई०

(B) 1930 ई०

(C) 1931 ई०

(D) 1940 ई०

**47.** किस आलोचक ने छायावाद को 'शक्ति का काव्य' कहा है?

(A) नगेन्द्र

(B) शांतिप्रिय द्विवेदी

(C) नामवर सिंह

(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

**48.** स्थापना *(Assertion)-A* : द्विवेदी युग के कवि समाज सुधार जैसे विषयों की ओर प्रवृत्त हुए।

तर्क *(Reason)-R* : क्योंकि इस युग में मुक्ति का प्रश्न नैतिक आदर्शपरक चरित्र निष्ठा से संबद्ध हो गया।

(A) *A* और *R* दोनों गलत

(B) *A* सही *R* गलत

(C) *A* और *R* दोनों सही

(D) *A* गलत *R* सही

**49.** छायावाद शब्द का प्रयोग पहली बार किस पत्रिका में हुआ?

(A) श्रीशारदा

(B) सरस्वती

(C) सुधा

(D) मतवाला

**50.** रामविलास शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'हिन्दी जाति का इतिहास' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1987

(B) 1988

(C) 1986

(D) 1989

**51.** 'हिंदी जाति' की अवधारणा के प्रस्तावक हैं

(A) बालमुकुन्द गुप्त

(B) बाबू गुलाब राय

(C) बाबू श्यामसुंदर दास

(D) रामविलास शर्मा

**52.** कलावाद के प्रेरक पश्चिमी आचार्य हैं

(A) लोंजाइनस

(B) दाँते

(C) क्रोचे

(D) कॉलरिज

**53.** धूमिल को किस कृति पर साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिला?

(A) संसद से सड़क तक

(B) सुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र

(C) कल सुनना मुझे

(D) पटकथा

**54.** 'प्रसाद समग्रत: रोमैंटिक कलाकार हैं।' –कथन किसका है?

(A) बच्चन सिंह

(B) देवीशंकर अवस्थी

(C) मैनेजर पाण्डेय

(D) निर्मला जैन

**55.** कॉलरिज ने मुख्य कल्पना का संबंध किससे जोड़ा है?

(A) आधिभौतिक जगत् से

(B) भौतिक जगत् से

(C) कला जगत् से

(D) अन्तर्जगत से

**56.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : भारतीय काव्यशास्त्र के संदर्भ में कविता की समस्याओं की आज की दृष्टि से चर्चा करना संभवतया नए आलोचकों के विचार से सबसे बड़ा अपराध है।

तर्क (*Reason*)-*R* : क्योंकि हम आज भारतीय काव्यशास्त्र से अभिप्राय उसकी जड़ता से लगाते हैं।

(A) *A* सही *R* गलत

(B) *A* गलत *R* सही

(C) *A* और *R* दोनों गलत

(D) *A* और *R* दोनों सही

**57.** 'दि यूज ऑफ पोएट्री एंड दि यूज ऑफ क्रिटिसिज्म' पुस्तक के लेखक हैं

(A) जॉन ड्राइडेन

(B) मैथ्यू आर्नल्ड

(C) टी. एस. इलियट

(D) आई. ए. रिचर्ड्स

**58.** 'नदी के द्वीप' कविता है

(A) बिम्बात्मक

(B) सपाटबयानी

(C) प्रतीकात्मक

(D) रोमांटिक

**59.** विश्नुई संप्रदाय की स्थापना किसने की?

(A) हरिदास

(B) जंभनाथ

(C) लालदास

(D) दादूदयाल

**60.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : प्रतिभा आंतरिक है और व्युत्पत्ति तथा अभ्यास बाह्य है।

तर्क (*Reason*)-*R* : क्योंकि प्रतिभा को तो स्वभाव कहना युक्तिसंगत है, पर व्युत्पत्ति और अभ्यास को नहीं।

(A) *A* सही *R* गलत

(B) *A* गलत *R* सही

(C) *A* और *R* दोनों गलत

(D) *A* और *R* दोनों सही

**61.** नवजागरण के प्रचार-प्रसार के लिए राजा राममोहन राय ने प्रमुखत: किसका सहारा लिया?

(A) उपनिषद्

(B) अद्वैत वेदान्त

(C) वेद

(D) पुराण

**62.** इनमें से किसकी बोली 'अहीरवाटी' कहलाती है?

(A) कौरवी

(B) अवधी

(C) ब्रज

(D) मेवाती

**63.** 'परीक्षा गुरु' का प्रकाशन कब हुआ?

(A) 1881

(B) 1882

(C) 1883

(D) 1877

**64.** 'सरोज स्मृति' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1930 ई०

(B) 1934 ई०

(C) 1935 ई०

(D) 1936 ई०

**65.** 'आधे अधूरे' नाटक में चालाक और घटिया किस्म का आदमी है

(A) व्यापारी

(B) कलाकार

(C) शिक्षक

(D) अधिकारी

**66.** प्रेमाख्यान काव्य 'हंसावली' की भाषा क्या है?

(A) अवधीभाषा का प्राचीन रूप

(B) अवधी मिश्रित राजस्थानी

(C) राजस्थानी भाषा का प्राचीन रूप

(D) उपर्युक्त तीनों नहीं

**67.** मुक्तिबोध की मृत्यु कब हुई?

(A) 1953 ई०

(B) 1958 ई०

(C) 1964 ई०

(D) 1972 ई०

**68.** बंग महिला का वास्तविक नाम क्या है?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) महाश्वेता देवी

(C) आशापूर्णा देवी

(D) राजेन्द्रबाला घोष

**69.** आचार्य शुक्ल द्वारा रचित निबंध का अधूरा शीर्षक है

(A) रसात्मक बोध के विविध रूप

(B) तुलसी का भक्ति-मार्ग

(C) काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था

(D) साधारणीकरण

**70.** विद्यानिवास मिश्र का पहला निबंध संग्रह है

(A) फागुन दुइ रे दिना

(B) रहिमन पानी राखिये

(C) चिड़िया रैन बसेरा

(D) छितवन की छाँह

**71.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची– I* | *सूची– II* |
|---|---|
| (a) पंकज बिष्ट | (i) लकड़बग्घा |
| (b) संजीव | (ii) चिट्ठी |
| (c) अखिलेश | (iii) अपराध |
| (d) चित्रा मुदगल | (iv) बच्चे गवाह नहीं हो सकते |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**72.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : भक्ति साहित्य किसी क्षणिक भावावेग अथवा इन्द्रियजन्य भावोन्माद की अभिव्यक्ति मात्र नहीं है, अपितु यह ठोस तथा उर्वर धरातल की उपज है।

तर्क (*Reason*)-*R* : अन्य सभी साहित्य में क्षणिक भावावेग और इन्द्रियजन्य भावोन्माद की ही अभिव्यक्ति काफ़ी मात्रा में मौजूद हैं और ठोस और उर्वर धरातल लगभग न के बराबर है।

(A) *A* सही *R* गलत

(B) *R* सही *A* गलत

(C) *A* और *R* दोनों गलत

(D) *A* और *R* दोनों सही

**73.** ''अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान की शक्ति और करुणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था।''– यह किनका कथन है?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) रामकुमार वर्मा

**74.** कविता को 'भावयोग' किसने कहा?

(A) मिश्रबंधु

(B) लाला भगवानदीन

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) रामचंद्र शुक्ल

**75.** 'अतएव इस युग की कविता स्वप्नों में नहीं पल सकती, उसकी जड़ों को पोषण सामग्री ग्रहण करने के लिए कठोर धरती का आश्रय लेना पड़ रहा है।' – किस पुस्तक की भूमिका या संपादकीय में यह वाक्य आता है?

(A) युगान्त

(B) युगवाणी

(C) रूपाभ

(D) ग्राम्या

**76.** 'कालचक्र' किसकी रचना है?

(A) सदासुखलाल

(B) भारतेन्दु

(C) सदल मिश्र

(D) अंबिकादत्त व्यास

**77.** हरिशंकर परसाई द्वारा रचित है

(A) दो आदमी पुराने

(B) बदचलन

(C) प्रतिदिन

(D) भद्रपुरुष

**78.** 'शेखर एक जीवनी' में शेखर की प्रधान चारित्रिक विशेषता है

(A) दया

(B) क्षमा

(C) उद्दंडता

(D) दंभ

**79.** 'रस्मों रिवाज भाखा की दुनिया से उठ गया।'– किनकी उक्ति है?

(A) मुंशी सदासुखलाल 'नियाज'

(B) इंशा अल्ला खाँ

(C) लल्लूलाल

(D) सदल मिश्र

**80.** 'अनुकरण' का अर्थ 'यथावत् प्रत्यंकन' किसने माना?

(A) होरेस

(B) बूचर

(C) स्कॉट जेम्स

(D) सेंट् सबरी

**81.** निम्नलिखित में से कौन–सी रचना रसखान की नहीं है?
(A) प्रेमवाटिका
(B) दानलीला
(C) राधाविरह
(D) अष्टयाम

**82.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : समय और समाज की समस्याओं प्रश्नाकुलताओं, चुनौतियों, अंतर्विरोधों, विसंगतियों, विद्रूपताओं और आधुनिक समाज की जटिलताओं, यंत्रणाओं को व्यक्त करने के लिए उपन्यास से उपयुक्त और समर्थ माध्यम आज दूसरा नहीं है।
तर्क (*Reason*)-*R* : क्योंकि उपन्यास का यथार्थ से सर्वाधिक अभेद संबंध है।
(A) *A* सही *R* गलत
(B) *A* और *R* दोनों सही
(C) *A* गलत *R* सही
(D) *A* और *R* दोनों गलत

**83.** चौथा सप्तक में कौन कवि शामिल नहीं है?
(A) सुमन राजे
(B) नंदकिशोर आचार्य
(C) अवधेश कुमार
(D) मदन वात्स्यायन

**84.** 'नया साहित्य नये प्रश्न' पुस्तक के लेखक हैं
(A) वासुदेवशरण अग्रवाल
(B) नन्ददुलारे वाजपेयी
(C) शांतिप्रिय द्विवेदी
(D) शिवदान सिंह चौहान

**85.** ''भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है''– यह किस निबंध का वाक्य है?
(A) श्रद्धा–भक्ति
(B) काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था
(C) कविता क्या है
(D) भाव या मनोविकार

**86.** बच्चन सिंह के अनुसार सर्वप्रथम छायावादी आलोचक के रूप में किन्हें ख्याति मिली?
(A) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी
(B) नन्ददुलारे वाजपेयी
(C) नगेन्द्र
(D) पद्मसिंह शर्मा

**87.** रामचरित मानस के काण्डों का सही क्रम लिखिए:
(A) अरण्यकाण्ड, सुंदरकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, लंकाकाण्ड
(B) अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, सुंदरकाण्ड, लंकाकाण्ड
(C) किष्किन्धाकाण्ड, सुंदरकाण्ड, लंकाकाण्ड, अरण्यकाण्ड
(D) किष्किन्धाकाण्ड, अरण्यकाण्ड, सुंदरकाण्ड, लंकाकाण्ड

**88.** लिपि विकास के सही चरण-क्रम हैं

(A) भावलिपि, चित्रलिपि, ध्वनिलिपि, भाव-ध्वनिमूलक लिपि

(B) चित्रलिपि, भावलिपि, ध्वनिलिपि, भाव-ध्वनिमूलक लिपि

(C) भाव-ध्वनिमूलक लिपि, ध्वनिलिपि, चित्रलिपि, भावलिपि

(D) ध्वनिलिपि, चित्रलिपि, भाव-ध्वनिमूलक लिपि, भावलिपि

**89.** 'साहित्य का इतिहास दर्शन' पुस्तक के लेखक हैं

(A) नलिन विलोचन शर्मा

(B) रामविलास शर्मा

(C) शिवदान सिंह चौहान

(D) मैनेजर पाण्डेय

**90.** अरुण कमल को किस काव्य संग्रह के लिये साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिला?

(A) अपनी केवल धार

(B) नये इलाके में

(C) सबूत

(D) पुतली में संसार

**91.** 'घनानंद प्रेम की यातना के कवि हैं।' –किसका कथन है?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(C) नगेन्द्र

(D) बच्चन सिंह

**92.** 'पेरिहुप्सुस' में अध्यायों की संख्या है

(A) 22

(B) 39

(C) 44

(D) 67

**93.** महादेवी वर्मा की किस रचना पर मृणाल सेन ने 'नील आकाशेर नीचे' फिल्म बनाई थी?

(A) सोना

(B) भक्तिन

(C) चीनी फेरीवाला

(D) दो फूल

**94.** रस को 'आह्लादकत्व' से किस आचार्य ने संबद्ध किया?

(A) मम्मट

(B) विश्वनाथ

(C) राजशेखर

(D) कुन्तक

**95.** ''दिवस का अवसान समीप था
गगन था कुछ लोहित हो चला
तरु शिखा पर थी अब राजती
कमलिनी-कुल-वल्लभ की प्रभा''– किसकी पंक्तियाँ हैं?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) हरिऔध

(C) निराला

(D) नरेन्द्र शर्मा

**96.** भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित पत्रिका है

(A) वर्तमान साहित्य

(B) नया ज्ञानोदय

(C) आजकल

(D) साक्षात्कार

**97.** 'प्रेयान् रस' का उल्लेख 'स्नेह', स्थायी भाव के साथ किसने किया?

(A) भरतमुनि

(B) मम्मट

(C) पंडितराज जगन्नाथ

(D) रुद्रट

**98.** इनमें से कौन रामभक्त कवि नहीं हैं?

(A) माधवदास

(B) लालदास

(C) धर्मदास

(D) हृदयराम

**99.** 'हिंदी : उद्भव, विकास और रूप' के लेखक हैं

(A) हरदेव बाहरी

(B) भोलानाथ तिवारी

(C) बाबूराम सक्सेना

(D) रामचंद्र तिवारी

**100.** स्थापना *(Assertion)-A* : नाटक के क्षेत्र में भारतेन्दु की सक्रियता से पहले हिंदी प्रेमियों में उत्साह का माहौल नहीं था।

तर्क *(Reason)-R* : क्योंकि उस समय नाटक खेलनेवाली जो व्यावसायिक पारसी कंपनियाँ थीं, वे उर्दू छोड़ हिंदी नाटक खेलने को तैयार न थीं।

(A) *A* सही *R* गलत

(B) *A* और *R* दोनों सही

(C) *A* गलत *R* सही

(D) *A* और *R* दोनों गलत

**ROUGH WORK**